श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

"पक्का मकान मिलने से समाज में बढ़ा मान-सम्मान"

मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जवाहरनगर मुहल्ला निवासी मुस्लिम अंसारी, पिता स्व. अब्दुल शकूर एक गरीब परिवार के व्यक्ति हैं। वे जड़ी-बूटी बेचकर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका पूर्व का मकान मिट्टी का था, जिसमें एक साथ पूरे परिवार को रहने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। उनके रिश्तेदार भी उनके घर आने से हिचकिचाते थे। मगर उनकी आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय थी कि वे खुद का पक्का मकान बनाने के बारे में वे सोच भी नहीं सकते थे। इसका सिर्फ वह सपना ही देख सकते थे। एक दिन की बात है जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद संयोगवश उनकी मुलाकात मानगो नगर निगम के अधिकारियों से हो गई। इस दौरान उन्होंने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके दूसरे ही दिन उन्होंने नगर निगम कार्यालय जाकर आवास निर्माण हेतु आवेदन दिया। बहुत जल्द उनका नाम योजना के लाभुक के रूप में चयनित हो गया व उन्हें आवास निर्माण की स्वीकृति भी मिल गई। देखते ही देखते बहुत कम समय में उनका सपनों का घर बनकर तैयार हो गया। इसमें बिजली, पानी, रसोई व शौचालय आदि की भी सुविधा है। इस नए मकान में वे आज पूरे परिवार के साथ शांति व सुकून से रह रहे हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर निगम के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका दय से आभार व्यक्त किया है।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA